दिनांकः 29.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- देश के 700 से ज्यादा जिलों में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू–प्रदेश में अभियान के तहत करीब 4 हज़ार गांवों के किसानों से संवाद होगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज दिल्ली में विभिन्न केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे– इस दौरान रेलवे सुविधा विस्तार सहित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।
- महाराणा प्रताप जयंती पर प्रदेश में उनके शौर्य और पराक्रम को नमन किया गया–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भूपालसागर में महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया।
- प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर हल्की बारिश –मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिनों में पारा 45–46 डिग्री पर पहुंचने की संभावना जताई।

देशभर के सात सौ से ज्यादा जिलो में आज से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हुई। अभियान का आगाज़ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा के पुरी से किया। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी देना, सरकारी योजनाओं का प्रचार करना, मृदा स्वास्थ्य, संतुलित खाद और प्राकृतिक खेती का महत्व समझाना, किसानों से नवाचार की जानकारी लेना तथा किसान और कृषि वैज्ञानिकों के बीच सीधा संवाद करना है। प्रदेश में अभियान का शुभारंभ अजमेर के रलावता गांव से हुआ। सरकारी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने जागरुकता रथ को रवाना किया।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि यह केवल अभियान नहीं बल्कि किसानों की समृद्धि और कृषि में नवाचार को जोड़ने वाला एक राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने किसानों से अपील की, कि वे इस अभियान से जुड़ कर नई तकनीक सीखें और उसे अपनी खेती में अपनाएं।

............................

कार्यक्रम में कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि विज्ञान और किसान के इस साझे प्रयास से ही किसानों को आत्मनिर्भर, उन्नत और सक्षम बनाया जा सकता है। बारह जून तक चलने वाले इस अभियान के माध्यम से देश के लगभग बीस राज्यों के सात सौ जिलों के पैसठ हजार से ज्यादा गांवो में वैज्ञानिकों की टीमें लगभग डेढ करोड़ किसानों से सीधा संपर्क करेंगी। राजस्थान में 270 से ज्यादा वैज्ञानिक 3 हजार 959 गांवों में जाकर किसानों को खेती की उन्नत तकनीक की जानकारी देंगे।

............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज शाम दिल्ली पहुंचे। वे केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात करेंगे। श्री शर्मा प्रदेश में खनन क्षेत्र के विकास और इसके बदलते परिदृश्य को लेकर केंद्रीय खान मंत्री से बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ महत्वपूर्ण करेगें। बैठक में प्रदेश में मेट्रो विस्तार, ई–बस संचालन, एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के प्रोजेक्ट्स जैसे विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। इस मुलाकात से राज्य में विभिन्न ऊर्जा, शहरी विकास और आवास के प्रोजेक्ट्स को नई रफ्तार मिलेगी। इसके बाद मुख्यमंत्री का केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भी मुलाकात करने का कार्यक्रम है। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री और केंद्रीय रेल मंत्री के बीच प्रदेश में रेलवे सुविधा विस्तार और आगामी योजनाओं की क्रियान्विति के विषय पर बातचीत होगी।

............................

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि प्रदेश की बावड़ियों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर काम किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग, पुरातत्व और संग्रहालय विभाग के अधिकारियों को मिलकर काम करने को कहा गया। पर्यटन मंत्री ने बावड़ियों के पुनरुद्धार के साथ इनके पानी के आगमन के रास्तों को भी ठीक करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बावड़ियों का कचरा हटाने और डिसिल्टिंग को भी योजना में शामिल किया जाए। दिया कुमारी ने आज राज्य की बावड़ियों के संरक्षण और संवर्द्धन के संबंध में जयपुर में आयोजित एक बैठक में ये निर्देश दिए।

बैठक में स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी काम निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाए। उन्होंने कहा कि हेरिटेज प्रकृति के कामों को हेरिटेज विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में ही कराया जाना चाहिए। एक अन्य बैठक में पर्यटन मंत्री ने शेखावाटी की हवेलियों के रख–रखाव और पुनरूद्वार के बारे में विचार विमर्श किया। उन्होंने इसके लिये विनियमों में संशोधन के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीकर, चूरू और झुन्झुनू जिले में 638 हवेलियों की पहचान की गई है जिनका संरक्षण किया जायेगा।

...........................

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 से पहले सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से आज जयपुर में **'योग संवाद'** कार्याशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में योग के महत्व पर विचार रखते हुए योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि आनंद ही जीवन का लक्ष्य है और यह योग से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में योग और स्वास्थ्य वृत्त विभाग के सहायक आचार्य डॉ. पुनीत चतुर्वेदी ने कहा कि योग के साथ नींद और भोजन भी स्वस्थ जीवन के लिए बहुत जरूरी है।

...........................

सेमीनार में आहार विशेषज्ञ तनुश्री सिंह ने मोटे अनाज को अपने खानपान में शामिल करने पर जोर दिया। पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने सभी से योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

...........................

वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर आज प्रदेशभर में उनके शौर्य और पराक्रम को नमन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने राजभवन में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्री बागडे ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्र के प्रति संकल्पबद्ध होकर संघर्ष करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की प्रेरणा देने वाले पहले राष्ट्र नायक हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चित्तौडगढ के भूपालसागर में महाराणा प्रताप, मां पन्नाधाय और राणा पूंजा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने 517 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण कर जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी महाराणा प्रताप के आदर्शो को आत्मसात करे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से विपरीत परिस्थितियों में महाराणा प्रताप ने अपने सिद्धान्तों और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया, उसी तरह नई पीढ़ी को भी अपने सिद्धान्तों पर अडिग रहना चाहिए।

...........................

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप के नाम से उनकी कर्म स्थली चावंड, गोगुंदा, दिवेर, हल्दीघाटी सहित अन्य स्थलों को जोड़कर प्रताप पर्यटन सर्किट बनाया जा रहा है। साथ ही प्रताप खेल विश्वविद्यालय की स्थापना भी की जायेगी। डूंगरपुर में कई संगठनों की ओर से महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पाली में शोभायात्रा निकाली गई। सवाईमाधोपुर में अनेक संगठनों की ओर से महाराणा प्रताप

की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके समपर्ण और बलिदान को याद किया गया। कोटपुतली–बहरोड़ और झालावाड़ में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर संगोष्ठी सहित अन्य कार्यक्रम रखे गये। भरतपुर में यह दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। राजसमंद में आज खमनौर स्थित अरण्य बाग महाराणा प्रताप जयंती समारोह आयोजित कर तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। साथ ही खमनौर से शोभायात्रा निकाली गई।

.........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही और अभियोजन स्वीकृति के 16 विचाराधीन मामलों का निस्तारण किया है। श्री शर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 के तहत 5 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है तथा धारा 17–ए के एक मामले में विस्तृत जांच और अनुसंधान की अनुमति दी है। इसी तरह कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न के मामले में दोषी अधिकारी को सेवा से हटाया गया है। वहीं, पद के दुरूपयोग के साथ राज्य सरकार को वित्तीय हानि पहुंचाने की जांच के एक मामले में आरोपित अधिकारी को राजकीय सेवा से बर्खास्त किया गया है। इसी तरह सेवानिवृत्त अधिकारियों के पुराने मामलों का निस्तारण करते हुए 9 अधिकारियों की पेंशन रोके जाने की कार्यवाही की गई है तथा 5 सेवानिवृत्त अधिकारियों के विरूद्ध प्रमाणित आरोपों के जांच निष्कर्ष का अनुमोदन भी किया गया है।

.........................

प्रदेश में आज भी कई स्थानों पर मौसम बदलने से बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने के समाचार हैं। राजधानी जयपुर में आज सुबह से ही बादल छाने से उमस बनी रही और कुछ स्थानों पर बूंदा–बांदी हुई। सवाईमाधोपुर में दोपहर बाद हल्की बरसात हुई। दौसा में जिला मुख्यालय सहित कई स्थानों पर रिमझिम बारिश का दौर देखने को मिला। वहीं पश्चिमी जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी दो–तीन दिनों तक तापमान 45–46 डिग्री तक पहुंच सकता है। साथ ही नमी ज्यादा होने से उमसभरी गर्मी बनी रहेगी। विभाग ने आज और कल कोटा, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर, बीकानेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

.........................